DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE

QUESTION BANK

CLASS-VI (2023-24)

TEXT BOOKS : ज्ञान सागर, अभ्यास सागर (HINDI)

EXAM SCHEDULE 2023-24

| NAME OF THE EXAM | DATE | FULL MARKS |
|---|---|---|
| PERIODIC ASSESSMENT-I | 24 July 2023 to 31 July 2023 | 40 |

Syllabus

| CHAPTER | Periodic Assessment- I | Marks (40 Marks) |
|---|---|---|
| पाठ-१ | साथी हाथ बढ़ाना | |
| पाठ-२ | चिट्ठी के अक्षर | |
| पाठ-३ | बरसते जल के रूप अनेक | |

TYPOLOGOGY OF QUESTIONS

| | | |
|---|---|---|
| 1 | MCQ | 1 MARK |
| 2 | GRAMMAR | 1 MARK |
| 3 | VERY SHORT ANSWER TYPE QUESTION-I | 1 MARK |
| 4 | SHORT ANSWER TYPE QUESTION-II | 2 MARKS |
| 5 | SHORT ANSWER TYPE QUESTION-I | 3 MARKS |
| 6 | LONG ANSWER TYPE QUESTION | 4 MARKS |
| 7 | PASSAGE WRITING | 5 MARKS |

PA-I PORTION

SUBJECT-HINDI TOPIC- साथी हाथ बढ़ाना

### खण्ड - क (अपठित गद्यांश)

### 1-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से सही विकल्प छाँटकर लिखिए |

स्वस्थ शरीर वाला मनुष्य ही इस संसार के सभी प्रकार के सुखों को भोग सकता है तथा सुखमय जीवन बीता सकता है । स्वस्थ शरीर केलिए पौष्टिक भोजन तथा व्यायाम दोनों ही अति आवश्यक है । व्यायाम करने का भी ढंग होता है । इसे करते समय सदा कुछ सावधानियाँ बरतनी चाहिए । पहली सावधानी यह है कि आयु समय व शरीर की क्षमता के अनुसार ही व्यायाम करना चाहिए । दूसरी सावधानी यह है कि सही व्यामाम का चुनाव करना चाहिए तथा व्यायाम की उचित मात्र निश्चित करनी चाहिए । तीसरी सावधानी यह है कि शुद्ध वायु, प्रकाश वाले खुले स्थान में व्यायाम करना चाहिए । व्यायाम के तुरंत बाद स्नान नहीं करना चाहिए । व्यायाम के अनेक लाभ है – इससे शरीर में शुद्ध रक्त का संचार होता है, भोजन ठीक से पचता है, शरीर पृष्ट बन जाता है, थकान कम अनुभव होती है तथा मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है ।

(क) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है -

i. व्यायाम से हानि ii. पौष्टिक भोजन iii. व्यायाम के लाभ iv. शुद्ध हवा

(ख) स्वस्थ शरीर का स्वामी मनुष्य कैसा जीवन व्यतीत करता है -

i. सुखी जीवन ii. नारकीय जीवन iii. दुखी जीवन iv. असफल जीवन

(ग) स्वस्थ शरीर केलिए क्या आवश्यक है ?

i. शुद्ध हवा – पानी ii. पौष्टिक भोजन और व्यायाम

iii. हवा और व्यायाम iv. पानी और भोजन

(घ) व्यायाम करने के क्या लाभ है ?

i. मस्तिष्क अस्वस्थ रहता है | ii. शरीर मोटा होता है |

iii. भोजन नहीं पचता है | iv. मन तथा मस्तिष्क स्वस्थ रहते हैं |

(ङ) ‘कसरत’ का पर्यायवाची शब्द है -

i. पहलवानी ii. मुक्केबाजी iii. व्यायाम iv. खेलना

### खण्ड – ख (व्याकरण)

### 2- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए |

(क) लगभग समान उच्चारण वाले शब्दों के प्रयोग को _____ शब्द कहते हैं |

(ख) ‘चहक’ और ‘कल’ का एक-एक तुकांत वाले शब्द लिखिए ।

(ग) नीचे दिए गए शब्द – समूहों में से सही शब्द पर घेरा लगाइए ।

अभिलाशा, अभीलाषा, अभिलाषा

(घ) जब दो या तीन व्यंजनों के बीच कोई स्वर नहीं होता तो वे सहयोगी या संयुक्त रूप में लिखे जाते हैं । इन्हें _______ व्यंजन कहा जाता है ।

(ङ) ‘सच’ और ‘अपने’ के उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए ।

(च) ‘मेहनत’ शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(छ) ‘जाएगा’ और ‘बजाना’ के एक – एक तुकांत वाले शब्द लिखिए ।

(ज) ‘परबत’ और रस्ता का एक – एक तुकांत वाले शब्द लिखिए

(झ) ‘दुख’ और ‘एक’ के एक – एक उल्टे वाले शब्द लिखिए ।

(ञ) ‘अकेला’ शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

### खण्ड- ग (पाठ्य पुस्तक)

### 3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए |

(क) साथी हाथ बढ़ाना गीत का आशय क्या है ?

(ख) मूल रूप से ‘साथी हाथ बढ़ाना’ कविता किस फिल्म के लिए लिखा गया था ?

(ग) किसके द्वारा ही मनुष्य अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकता है ?
(घ) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत के गीतकार का वास्तविक नाम क्या है ?
(ङ) हम लोगों के सीने तथा भुजाएँ किसके समा मजबूत है ?
(च) 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत के गीतकार कौन है ?
(छ) मिलकर बोझ उठाना का क्या भाव है ?
(ज) एक से एक कतरा मिले तो क्या बन जाता है ?
(झ) राई और पर्वत को मिलाकर कौन – सा मुहावरा बनता है ?
(ञ) पर्वत किसके सामने सिर झुकाता है ?

**4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए |**

(क) प्रस्तुत गीत में जर्रा और सेहरा का उदाहरण क्यों दिया गया है ?
(ख) हम चट्टानों में राहे कैसे पैदा कर सकते हैं ?
(ग) हमें मेहनत करने से क्यों नहीं डरना चाहिए ?
(घ) अपना दुख भी एक है साथी 'अपना सुख भी एक' का क्या मतलब है ?
(ङ) साथी हाथ बढ़ाना गीत में समाज के किस वर्ग का वर्णन हुआ है और क्यों ?

**5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में दीजिए |**

(क) मिलकर कार्य करने के क्या फायदे हैं ?
(ख) फौलाद का क्या अर्थ है ? गीत में किसके सीने और हाथ को फौलादी कहा गया है और क्यों ?

**6- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 60-80 शब्दों में दीजिए |**

(क) साथी हाथ बढ़ाना गीत के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं **?**
**(ख)** अपने विद्यालय में आप कौन-सा ऐसा कार्य किया है या करने वाले हैं जो समूह कार्य का उदाहरण है या होगा । इस समूह कार्य का तीन लाभ भी लिखिए ।

### खण्ड –घ (रचनात्मक कार्य )

**7-** 'मेहनत और मिल – जुलकर काम करने के महत्व' पर **100 – 150** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए ।

## TOPIC- चिट्ठी के अक्षर

### खण्ड - क (अपठित गद्यांश)

**1-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से सही विकल्प छाँटकर लिखिए |**

एक ज़माना था जब मोहल्ले पारिवारिक आत्मीयता से भरी होती थी। सब मिल-जुलकर रहते थे। बीमारी, खुशी-गम सब में लोग एक-दूसरे के साथ थे। किसी का किसी से कुछ छिपा नहीं था। आज के लोगों को शायद लगे कि लोगों की अपनी 'प्राइवेसी' क्या रही होगी, लेकिन इस 'प्राइवेसी' के नाम पर ही तो हम एक-दूसरे से कटते रहे और कटते-कटते ऐसे अलग हुए कि अकेले पड़ गए। पहले अलग चूल्हे-चौके हुए, फिर अलग मकान लेकर लोग रहने लगे, निजी स्वतंत्रता को अपनी नई परिभाषा देकर यह एकाकीपन हमने स्वयं अपनाया है। मोहल्ले में आपस में चाहे जितनी चखचख हो, यह थोड़े ही संभव था कि बाहर का कोई आकर किसी को कड़वी बात कह जाए।

(क) आज के व्यक्ति को प्राइवेसी के नाम पर क्या प्राप्त हुआ है ?
i. स्वतंत्रता ii. अकेलापन iii. पारिवारिक आत्मीयता iv. मकान

(ख) पहले के जमाने में लोग कैसे रहते थे ?
i. मिल-जुलकर रहते थे | ii. अलग-अलग रहते थे |
iii. बाहर रहते थे | iv. घर में रहते थे |

(ग) किसके नाम पर हम एक-दूसरे से कटते गए ?
i. खुशी ii. स्वतन्त्रता iii. प्राइवेसी iv. स्वार्थ

(घ) निजी स्वतंत्रता को अपनी नई परिभाषा देकर हमने क्या अपनाया है ?

i. गम ii. खुशी iii. हँसी iv. एकाकीपन

(ड़) इस गद्यांश के लिए सही शीर्षक लिखिए।

i. मोहल्ले पारिवारिक आत्मीयता ii. मोहल्ला- निजी स्वतंत्रता

iii. आत्मीयता या प्राइवेसी iv. प्राइवेसी- एकाकीपन

## खण्ड – ख ( व्याकरण )

**2- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए |**

(क) किस वर्ण के स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग होता है ?

(ख) अनुस्वार का उच्चारण करते समय हवा कहाँ से निकलती है ?

(ग) कौन-कौन से वर्ण पंचम वर्ण हैं ?

(घ) 'चन्दा' शब्द में आधा वर्ण कौन-सा है ?

(ङ) 'कम्पन' (दिए गए शब्द को अनुस्वार का प्रयोग कर लिखें) |

(च) चिंता (दिए गए शब्द से वाक्य बनाइए) |

(छ) सपादक (दिए गए शब्द में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करें) |

(ज) भाप (दिए गए शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करें) |

(झ) पूरती (दिए गए शब्द का सही रूप लिखिए) |

(ञ) कविता ( दिए गए शब्द के वचन बदलें ) |

## खण्ड – ग (पाठ्य पुस्तक)

**3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए |**

(क) संपादक का नाम क्या था ?

(ख) सुबह के कितने बज रहे थे ?

(ग) महिपाल सिंह की लिखावट कैसी थी ?

(घ) महिपाल सिंह ने अपने अख़बार के लिए लेखक से किसकी माँग की ?

(ङ) साप्ताहिक अख़बार कितने पेज का था ?

(च) महिपाल सिंह कितने वर्ष तक फ़ौज में थे ?

(छ) दुर्घटना में महिपाल सिंह का कौन-सा हाथ कट गया ?

(ज) महिपाल सिंह ने लिखने का अभ्यास कितने साल तक किया ?

(झ) साप्ताहिक अख़बार में किनके लिए जानकारी छपती थी ?

(ञ) लेखक का नाम क्या था ?

**4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए |**

(क) साप्ताहिक अख़बार में क्या-क्या छपता था ?

(ख) महिपाल सिंह और लेखक के मन में एक-दूसरे के प्रति कैसे प्रेम पैदा हुआ ?

(ग) लेखक द्वारा महिपाल सिंह को देखकर आश्चर्यचकित होने का क्या कारण था ?

(घ) महिपाल सिंह जब शत्रुओं को अपने गोलियों का निशाना बना रहे थे तब उनके साथ कौन-सी दुर्घटना घटी ?

(ङ) महिपाल सिंह ने सरकार के सामने अपनी कौन-सी इच्छा रखी और सरकार ने उनके लिए क्या इंतज़ाम किया ?

**5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में दीजिए |**

(क) अगर महिपाल सिंह अपने जीवन से निराश हो जाते तो क्या होता ? अपने विचार लिखें|

(ख) लिखावट का साफ़ और सुंदर होना क्यों ज़रूरी है ? अपना मत रखिए |

**6- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 60-80 शब्दों में दीजिए |**

(क) महिपाल सिंह के जीवन से हमें कौन-सी प्रेरणा मिलती है ?अपने विचार लिखिए |

(ख) हमें अपने जीवन में आए कठिन परिस्थितियों का सामना कैसे करना चाहिए ? बताइए |

**खण्ड- घ (रचनात्मक कार्य)**

7- 'अभ्यास का महत्व' विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |

## TOPIC – बरसते जल के रूप अनेक

**खण्ड - क (अपठित गद्यांश)**

**1-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से सही विकल्प छाँटकर लिखिए |**

एक गाँव में छोटा सा गुरुकुल था। जिसमें शिवानंद नाम के एक साधु रहते थे । गुरुकुल का वातावरण बहुत ही शांत था । शिवानंद की कुटिया के करीब ही एक विशाल बरगद का पेड़ था और सुंदर बगीचा भी था । इस बरगद के पेड़ की छाया सभी को स्वर्ग की खुशियों का अनुभव कराती थी। इस गुरुकुल में कुल दस शिष्य रहते थे और सभी मिल-जुल कर विद्या ग्रहण करते थे । इन शिष्यों में गंगाधर नामक शिष्य बहुत ही अच्छे स्वभाव का था । उसमें दया, कोमलता तथा सहनशीलता जैसे गुण भरे हुए थे । उसके जैसा दूसरा कोई शिष्य न था । इन्हीं कारणों से वह साधु शिवानंद का प्रिय शिष्य था।

(क) साधु शिवानंद कहाँ रहते थे ?
(ख) गुरुकुल का वातावरण कैसा था ?
ग) बरगद के पेड़ की छाया किसकी खुशियों का अनुभव कराती थी ?
(घ) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए ।
(ङ) गंगाधर के अंदर क्या क्या अच्छे गुण थे?

**खण्ड -ख (व्याकरण)**

**2- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए |**

क) संज्ञा किसे कहते हैं ?
ख) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?
ग) जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?
घ) भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं ?
ङ) जल का समान अर्थ वाला शब्द लिखिए ?
च) होशियार (दिए गए शब्द से वाक्य बनाइए)
छ) आरंभ शब्द का विलोम शब्द लिखिए।
ज) सुनार शब्द का लिंग बदलकर लिखिए ।
झ) बच्चा शब्द का भाववाचक संज्ञा क्या है ?
ञ) ओडिशा का जातिवाचक संज्ञा क्या होगा?

**खण्ड -ग - पाठ्यपुस्तक**

**3- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में दीजिए |**

क) कौन दादाजी के लिए चाय और दोस्तों के लिए गरमा - गरम पकौड़े लेकर आया ?
ख) " क्या तुम ने ' पाला' पड़ते देखा है ?" किसने किससे कहा?
ग) बच्चे कहाँ खेल रहे थे ?
घ) बच्चे किसके घर की तरफ दौड़े ?
ङ) बरामदे के आगे का खुला स्थान किससे भर गया ?
च) बच्चे क्या कर रहे थे ?
छ) अचानक राघव के गाल में क्या गिरा ?
ज) वर्षा ना होने पर क्या होगा ?
झ) अमन के दादाजी क्यों प्रसन्न थे ?

ञ)' बरसते जल के रूप' अनेक पाठ के लेखक का नाम क्या है ?

**4- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए |**

क) दादा जी ने हाथ हिलाते हुए बच्चों को वापस आने का संकेत क्यों दिया ?
ख) बच्चों ने बारिश का आनंद कैसे लिया ?
ग) क्या आपको लगता है ' जल ही जीवन है ' क्यों ?
घ) छह ऋतुओं के नाम लिखिए ?
ङ) बरसात होने पर आप क्या-क्या करते हैं ?

**5- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों में दीजिए |**

क) वर्षा न होने पर क्या होगा ? अपना विचार रखिए।
ख) आपको कौन - सा मौसम अच्छा लगता है और क्यों?

**6- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 60-80 शब्दों में दीजिए |**

क) ' पाला ' क्या होता है?
ख) ' हिमपात ' कहाँ और कब होता है?

**खण्ड -घ – रचनात्मक कार्य**

**7. दिए गए चित्र को देखकर 60-80 शब्दों में वर्णन कीजिए ।**

